**भारत सरकार**

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4730**

**उत्तर देने की तारीख: 22.07.2019**

**किराए के भवनों में केंन्द्रीय विद्यालय**

**4730. डॉ. आलोक कुमार सुमनः**

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि बिहार के गोपालगंज जिले में केन्द्रीय विद्यालय किराए के भवनों में चल रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने बिहार के गोपालगंज जिले में राज्य सरकार की मदद से विद्यालय के लिए नए भवनों के निर्माण के लिए कोई उपाय किये हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बिहार के गोपालगंज जिले में केन्द्रीय विद्यालय के लिए नए भवन के निर्माण की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) और (ख): जी, हां। केंद्रीय विद्यालय (केवी), गोपालगंज (बिहार), अस्थायी भवन में कार्य कर रहा है, जो प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है।

(ग) और (घ): केंद्रीय विद्यालयों के लिए स्थायी भवनों का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है, जो उपयुक्त भूमि की पहचान, प्रायोजक प्राधिकरणों द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के पक्ष में लीज संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने, निर्माण एजेंसी द्वारा ड्राइंग/अनुमान प्रस्तुत करने, निधियों की उपलब्धता और अपेक्षित अनुमोदनों आदि पर निर्भर है। अत: इस संबंध में कोई समय-सीमा नहीं दी जा सकती है।

केवीएस ने सूचित किया है कि केवी, गोपालगंज के लिए भूमि के शीघ्र अंतरण को सुविधाजनक बनाने हेतु बिहार राज्य सरकार के साथ इस मामले को उठाया गया है।

*****